कोटद्वार, शुक्रवार
26 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 92 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

चारधाम रूट पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों के वाहनों में डस्टबिन/ गार्बेज बैग अनिवार्य

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता व सुन्दरता को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी विशेषरूप से पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेन्सी व वाहन चालकों का उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड आने वाले सभी वाहनों में डस्टबिन/ गार्बेज बैग को अनिवार्यतः लगाने के नियम का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में नियमित रूप से चैकिंग एव चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में इस सम्बन्ध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन/ गार्बेज बैग लगाना अनिवार्य है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/ गार्बेज बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस सम्बन्ध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखण्ड के निवासियों के साथ ही हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है।

शक्तिनगर में डूबे युवक का शव बरामद

विकासनगर। एसडीआरएफ ने शक्ति नहर में डूबे युवक का शव बरामद कर लिया है। शव को जिला पुलिस को सौंप दिया गया है। बुधवार दोपहर को पांव फिसलने के कारण युवक शक्ति नहर में डूब गया था। एसडीआरएफ ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन रात होने के कारण शव बरामद नहीं हो पाया। गुरुवार को दोबारा सर्च अभियान चलाकर एसडीआरएफ ने शव बरामद कर लिया।कोतवाल विकासनगर ने बताया की देर शाम ग्राम प्रधान कुल्हाल ने फोन पर सूचना दी कि एक व्यक्ति शक्ति नहर में गिर गया है। सूचना पर चौकी इंचार्ज कुल्हाल मय पुलिस बल घटनास्थल शक्ति नहर किनारे रिवर व्यू होटल के पास पहुंचे।

यहां शुभम कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी धौलाकुआं जिला सिरमौर (हिमाचल) ने पुलिस को बताया कि उसका साथी साहिल पाल पुत्र सुनील पाल निवासी निवासी धौलाकुआं जिला सिरमौर नहर में गिर गया। साहिल पाल की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन रात ज्यादा होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम ने शक्ति नहर में दोबारा सर्च अभियान चलाया। इसके बाद युवक के शव को बरामद कर लिया गया। एसडीआरएफ ने शव को जिला पुलिस को सौंप दिया।

घायल कांवडिये की उपचार के दौरान मौत

रुड़की। सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान दिल्ली हायर सेंटर में मौत हो गई। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।बाइक पर सवार होकर कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के भाई गौरव निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई सोनू अपने मित्र हर्षित के साथ 21 जुलाई की रात को बाइक से कांवड़ लेने जा रहा था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नीट यूजी 2024 का रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित

नई दिल्ली , नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी परीक्षा का रीवाइज्ड रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने 5 मई को नीट यूजी परीक्षा 2024 में भाग लिया है, वे अपना रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। नीट यूजी 2024 रिजल्ट को चेक करने के लिए उम्मीदवारों को लॉगिन क्रेडेंशियल यानी एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। नीट यूजी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए छात्रों को 50 प्रतिशत अंकों की जरूरत होती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने नीट यूजी का रीवाइज्ड रिजल्ट जारी किया है। नीट यूजी 2024 रीवाइज्ड रिजल्ट में टॉपरों के नाम बदल गए हैं। जानकारी के अनुसार अभी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है। वहीं टापर्स लिस्ट थोड़ी देर में जारी की जा सकती है। बता दें कि 23 जुलाई को मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि नीट यूजी री–टेस्ट का आयोजन नहीं किया जाएगा। साथ ही कोर्ट ने एनटीए को आदेश दिया था कि वह फिर से नए सिरे से रिजल्ट घोषित करें। नीट यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला आने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि नीट का रिवाइज्ड रिजल्ट दो दिनों के अंदर घोषित कर दिया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आज, 25 जुलाई को संशोधित नतीजे जारी कर दिए गए।

उत्तराखण्ड की विभिन्न रेल परियोजनाओं हेतु 5 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित

– सीएम धामी ने किया पीएम मोदी, वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री का आभार व्यक्त

देहरादून(। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर–ाखण्ड के लिए विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए इस वर्ष के बजट में 05 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस धनराशि से राज्य में रेल सुविधाओं के विकास में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य महत्व की महत्वाकांक्षी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। 2026 तक इस परियोजना के पूर्ण होने की पूरी संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यहित की बागेश्वर टनकपुर बागेश्वर गैरसैंण ऋषिकेश–उत्तरकाशी तथा देहरादून सहारनपुर रेलवे लाइनों की डीपीआर तैयार किए जाने तथा 03 रेल परियोजनाओं का कार्य गतिमान है।

मुख्यमंत्री ने देहरादून, हरिद्वार, हर्रावाला, काशीपुर, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लालकुआँ, रामनगर, रूड़की तथा टनकपुर रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशनों के रूप में विकसित किये जाने की योजना पर भी केंद्र सरकार का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री धामी ने की सी. एम. हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा

◆ जन समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में सी.एम हेल्पलाइन–1905 की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सचिव एवं विभागाध्यक्ष सी.एम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि शिकायत जिस अधिकारी के स्तर की है, उनका समाधान उनके स्तर पर ही हो जाय। अनावश्यक रूप से शिकायतें उच्च स्तर पर न आये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सी.एम. हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में इसका भी विवरण दिया जाय कि जनपदों के प्रभारी सचिवों द्वारा जनपदों में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कितनी बैठकों का आयोजन किया और किन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करवाया। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बीडीसी और तहसील दिवसों का आयोजन नियमित रूप से हो और इनमें जनपद स्तरीय अधिकारी भी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ई–अभिलेखागार जिला देहरादून के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। जनपद देहरादून की तहसीलों के रिकॉर्ड को स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अन्य जनपद भी ई–अभिलेखागार के माध्यम से वेब पोर्टल बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के पेंशन संबंधी प्रकरणों का समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी को भी पेंशन संबंधी प्रकरणों में कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। विभागों के पेंशन प्रकरणों की नियमित समीक्षा के निर्देश उन्होंने मुख्य सचिव को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सी.एम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने वाले 06 शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता भी की। तीन शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जा चुका था। जिन तीन शिकायतकर्ताओं की समस्या का अभी तक समाधान नहीं हुआ था उनमें बागेश्वर के मोहन सिंह ने शिकायत की थी कि उनके मकान के पीछे एक बड़ा पेड़ गिरने की स्थिति में हैं, जिसकी जड़े दरक गई हैं, जिससे उनके मकान में पेड़ गिरने का खतरा बना हुआ है।

यात्रा के प्रबंधन को प्रभावी बनाएगा चारधाम डैशबोर्ड : मुख्य सचिव

–चारधाम डैशबोर्ड पर यात्रा से जुड़े विभाग नियमित रूप से रियल टाइम डाटा अपडेट करेंगे

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा से सम्बन्धित सभी विभागों को जल्द आरम्भ होने वाले चारधाम डैशबोर्ड पर नियमित रूप से रियल टाइम डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह डैशबोर्ड चारधाम से सम्बन्धित सभी विभागों के मध्य सूचनाओं के प्रभावी आदान प्रदान व डाटा शेयरिंग का माध्यम बनेगा। इससे विभागों में प्रभावी समन्वय स्थापित होगा तथा उनके अलगाव में कार्य करने की प्रवृति खत्म होगी। उन्होंने इसके लिए सभी विभागों में एक–एक नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी सम्बन्धित विभागों को हिदायत दी कि चारधाम डैशबोर्ड पर अपडेट किया जाने वाला डाटा डायनेमिक (गतिशील) व रियल टाइम होना चाहिए। इसे नियमित रूप से फीड किया जाना चाहिए।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम डैशबोर्ड में लोक निर्माण विभाग को यात्रा रूट पर पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट, स्लिपिंग जोन, मुख्य मार्गों के अलावा वैकल्पिक मार्गों की जानकारी, मलबे, भूस्खलन या ट्रैफिक जाम से बाधित सड़कों, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े अनिवार्य रूप से अपडेट करने तथा यूकाडा को धामों में खराब मौसम या अन्य कारणों से हैली सर्विस रद्द होने की पूर्व जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पशुपालन विभाग को चारधाम डैशबोर्ड में यात्रा मार्ग पर खच्चरों के लिए चारे, पीने के गर्म पानी, पशुचिकित्सकों की उपलब्धता का रियल टाइम डाटा भी नियमित रूप से अपडेट करने तथा पुलिस विभाग को यात्रा मार्ग पर पार्किंग स्थलों की जानकारी व पार्किंग स्पेस की उपलब्धता का रियल टाइम डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आईटीडीए द्वारा तैयार किए जा रहे चारधाम डैशबोर्ड की समीक्षा की।

कलयुगी बाप ने किया नाबालिग बेटी से दुष्कर्म

विकासनगर। कालसी ब्लॉक में एक कलयुगी पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को डरा–धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग की मां की तहरीर पर राजस्व पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। राजस्व पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। राजस्व उपनिरीक्षक एसएस चौहान ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी है। बताया कि उसका पति शराबी है। वह लगभग 17 दिन पहले गांव में किसी के साथ काम करने गई थीं। उनकी नाबालिग पुत्री छानी में गायों को घास देने गई थी। उसका पति शराब के नशे में छानी में गया और बेटी को खींचकर घर ले आया। इसके बाद उसने बेटी को डरा–धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा। डर से बेटी चुप रही। बताया कि बीती 20 जुलाई को वह बच्चों के साथ खेत में गई थी। शाम के करीब पांच बजे उसका पति शराब पीकर आया और उसकी बेटी को जबरदस्ती खींचकर पास के ही एक छानी में ले जाने लगा।

महाराज ने पेरू गणराज्य के 203वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया प्रतिभाग

●राजदूत से भेंट कर दी शुभकामनाएं ●उत्तराखंड में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उपयोगी है पेरू की फसलें

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में पेरू गणराज्य के 203वें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पेरू के राजदूत जेवियर मैनुअल पॉलिनिच वेलार्डे को शुभकामनाएं दी।

प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, संस्कृति एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित आईटीसी मौर्य, कमल महल में पेरू गणराज्य के 203वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पेरू के राजदूत जेवियर मैनुअल पॉलिनिच वेलार्डे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। श्री महाराज ने कहा कि पेरू दक्षिणी अमरीका महाद्वीप में स्थित एक देश है। जिसकी राजधानी लीमा है। यहां लामा और अल्पाका जैसे भेड़ के समान पालतू जानवरों से भरपूर मात्रा में ऊन पाई जाती है। जलवायु के लिहाज से उत्तराखंड के लिए भी यह जानवर बेहद लाभकारी है।

श्री महाराज ने कहा कि पेरू दक्षिण अमेरिका और दुनिया भर में सबसे पसंदीदा पाक स्थलों में से एक है। पेरू के रेस्तराँ अधिक से अधिक यादगार व्यंजन परोसते हैं, खाने के शौकीन और शेफ़ इस क्षेत्र में आते रहते हैं। पेरू की अनूठी फसलों की विस्तृत श्रृंखला, पेरू का कृषि उद्योग हज़ारों प्रकार के खाद्य पदार्थों का उत्पादन करता है। उत्तराखंड के और वहां के वातावरण में काफी समानताएं हैं। इसलिए में हम उन फसलों का उत्पादन अपने पर्वतीय क्षेत्रों में करके किसानों की आय में कई गुना इजाफा कर सकते हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल को राहत, अदालत ने पूरी की ये बड़ी डिमांड

नई दिल्ली , कथित शराब घोटाले में लगे आरोपों की वजह से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए हाई कोर्ट से एक राहत भरी खबर है। हाई कोर्ट ने वकीलों से मीटिंग बढ़ाने की उनकी डिमांड मान ली है। कोर्ट की मंजूरी के बाद वह जेल में वकीलों से हर सप्ताह दो अतिरिक्त मुलाकातें कर पाएंगे। केजरीवाल को 21 मार्च को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें ईडी केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। लेकिन अब सीबीआई केस की वजह से जेल में बंद हैं।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने यह कहते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री की मांग मान ली कि, ह्यविशेष परिस्थितियों में विशेष उपाय की आवश्यकता होती है।ह्न जज ने आगे कहा कि निष्पक्ष ट्रायल के मूलभूत अधिकार और प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व को मान्यता देते हुए याचिक-ाकर्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वकीलों से दो अतिरिक्त मुलाकातों की इजाजत दी जाती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल जब तक जेल में बंद हैं उन्हें यह सुविधा मिलती रहेगी।

हाई कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले में सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि कानून सभी के लिए समान है। केजरीवाल के वकील ने कहा था कि आम आदमी पार्टी के मुखिया देशभर में लगभग 35 मुकदमों का सामना कर रहे हैं। निष्पक्ष सुनवाई के लिए उन्हें इन मामलों पर चर्चा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त मुलाकातों की जरूरत है।

केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने दलील दी कि ऐसे कई कैदी हैं जिनके खिलाफ 100 मामले लंबित हैं और उन्हें अपने वकीलों से केवल दो बार मुलाकात की अनुमति है। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल वकीलों के साथ अपनी बैठकों का इस्तेमाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों को निर्देश भेजने के लिए कर रहे थे। केजरीवाल की याचिका का विरोध करते ईडी के वकील ने कहा कि इसी तरह का आवेदन एक जनहित याचिका में उच्च न्यायालय की खंडपीठ के सामने किया गया था, लेकिन आवेदन को खारिज कर दिया गया था। वकील ने कहा कि दिल्ली जेल के नियम देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उदार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जेलों में सभी कैदियों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को सप्ताह में दो बार अपने वकीलों से मिलने का मौका मिलता है।

हरिद्वार हत्याकांड मामले के अभियुक्तों की अपील हाईकोर्ट में खारिज

नैनीताल। हरिद्वार में वर्ष 2005 में हुए हत्याकांड के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट ने उनकी अपील खारिज कर दी है। दोषियों को निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अभियुक्त राजबीर सिंह, रामवीर सिंह और रामभजन की अपील पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने तीनों की अपील पर पिछले माह फैसला सुरक्षित रख लिया था और 24 जुलाई को आदेश जारी किया। हरिद्वार के ज्वालापुर में 2005 में महिपाल सिंह नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। मृतक के भतीजे रामवीर सिंह की ओर से राजवीर, रामवीर और रामभजन के खिलाफ ज्वालापुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें कहा था कि तीनों ने गांव में 2003 में छह लोगों की हत्या कर दी थी और मृतक महिपाल सिंह इस मामले का चश्मदीद गवाह था। तीनों आरोपी मृतक पर गवाही न देने का दबाव बना रहे थे। घटना के दिन जब महिपाल सिंह, रामवीर सिंह और भतीजे अनिल सिंह के साथ नरेंद्र सिंह के घर से निकल रहे थे तो तीनों ने यासीन बाग के पास उन पर गोली चला दी।

मंडी से कंगना रनौत की सांसदी को हाईकोर्ट में दी चुनौती

■नोटिस जारी कर सांसद से मांगा जवाब

मंडी ,हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत के निर्वाचन को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हिमाचल हाई कोर्ट ने कंगना रनौत को नोटिस जारी किया है। किन्नौर के रहने वाले लायक राम नेगी ने ये याचिका दायर की है। लायक राम नेगी ने याचिका में कंगना के निर्वाचन को रद्द करने का अनुरोध करते हुए दलील दी है कि इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए याचिकाकर्ता के नामांकन पत्र को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल ने कंगना रनौत को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। रनौत ने मंडी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 74,755 वोटों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। रनौत के निर्वाचन को रद्द करने की मांग करते हुए याचिकाकर्ता लायक राम नेगी ने कहा कि उनके नामांकन पत्र को निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त, मंडी) ने गलत तरीके से रद्द कर दिया और उन्हें भी पक्षकार बनाया गया है। वन विभाग के पूर्व कर्मचारी लायक राम नेगी ने कहा कि उन्हें समय से पहले सेवानिवृत्ति मिल गई और उन्होंने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र के साथ विभाग से बकाया नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

दून अस्पताल में डॉक्टर–नर्सिंग शिक्षक में विवाद, शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

देहरादून।दून अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के वार्ड में डॉक्टर एवं नर्सिंग शिक्षक में विवाद हो गया। नर्सिंग शिक्षक ने अभद्रता का आरोप लगा प्राचार्य, एमएस, डीएमएस एवं एचओडी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग ट्यूटर ने शिकायत में कहा कि वह नर्सिंग छात्रों को क्लीनिकल प्रशिक्षण दे रहे थे। एक डॉक्टर ने उनसे एवं छात्र–छात्राओं से अभद्रता की। विरोध पर उन्हें गेट आउट बोल दिया। कहा कि इससे मानसिक आघात पहुंचा है और पढ़ाई का कार्य प्रभावित हुआ है। उधर, डॉक्टर का कहना है कि नर्सिंग ट्यूटर को छात्रों की भीड़ को डॉक्टर रूम में जमा करने को मना किया गया, ऑपरेशन के मरीजों को तैयार कर रहे थे, इससे संक्रमण का खतरा था। उन्हें डेमो रूम, वार्ड या ओपीडी में जाने को कहा। आरोप है कि इस पर उनसे अभद्रता की गई। डीएमएस डॉ. धनंजय डोभाल ने बताया कि एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल ने एचओडी डॉ. शांति पांडेय को दोनों पक्षों से बात कर जांच रिपोर्ट देने को निर्देशित किया है। उधर, नर्सिंग शिक्षक ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गीता जैन, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य मनीषा ध्यानी, नर्सेज एसो. की प्रदेश अध्यक्ष भारती जुयाल से भी शिकायत की। नर्सिंग एसो. अध्यक्ष भारती जुयाल ने कहा कि नर्सिंग शिक्षक, छात्र–छात्राओं एवं नर्सिंग अधिकारियों का शोषण, उनसे अभद्रता बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की है। उन्होंने इस पूरे मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कई समस्याएं बताकर कुछ मांगे रखी गई है। प्रबंधन को 48 घंटे का समय दिया है, नहीं तो आंदोलन की रणनीति तैयार होगी।

विवाद का हल कराने में जुटे अफसर

अफसरों ने इस मामले को संजीदगी से लिया है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले को लेकर अफसर टेंशन में है। अस्पताल के अफसर नहीं चाहते कि नई प्राचार्य के आते ही कोई बड़ा बवाल हो। क्योंकि नेत्र रोग विभाग पहले से ही बाहर की दवा, इंप्लांट मंगाने, फैकल्टी में ज्यादा गुटबाजी, पीजी डॉक्टरों में विवाद को लेकर सुर्खियों में रहा है।

खतरे के निशान के नजदीक बही यमुना, अलर्ट जारी

विकासनगर। पछुवादून में गुरुवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक रहा। अपर स्ट्रीम में लगातार हो रही बारिश के चलते जल स्तर बढ़ने के खतरे को देखते हुए निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट घोषित कर दिया गया है। गुरुवार देर शाम यमुना का जल स्तर 455 .21 मीटर पर पहुंच गया। यह खतरे के निशान से मात्र 16 सेमी नीचे है। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने पर निकासी अलर्ट जारी कर दिया गया है। यमुना के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन तंत्र जल स्तर पर नजर बनाए हुए है। इसके लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम और डकपत्थर बैराज प्रबंधन से भी लगातार संवाद किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति से निपटने की पूरी तैयारी की गई है। आपात स्थिति के लिए सरकारी स्कूल, पंचायत भवनों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। हालांकि अभी जल स्तर खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन यमुना के ऊपरी कैचमेंट एरिया (जल अधिग्रहण क्षेत्र) में लगातार हो रही बारिश से जल स्तर बढ़ने के संभावित खतरे को देखते हुए पूरा तंत्र अलर्ट मोड पर है।

फिर सुप्रीमकोर्ट पहुंचा दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का मुद्दा

●इस बार समर्थन में डाली गई याचिका, ये की मांग

नई दिल्ली ,यूपी में कांवड यात्रा के दौरान दुकानदारों को नेमप्लेट लगाने के योगी सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। इस बीच अब एक बार फिर ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। हालांकि, अब कोर्ट में इसके समर्थन में याचिका डाली गई है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के साथ उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार को भी ऐसे ही आदेश पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सभी आदेशों पर अंतरिम रोक भी लगा दी थी।

दरअसल, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्देश का समर्थन करते हुए एक याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मामले को जबरन साम्प्रदायिक रंग देने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले में पक्षकार भी बनाया जाए। याचिकाकर्ता सुरजीत सिंह यादव ने कहा कि ये आदेश शिवभक्तों की सहूलियत, आस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया गया था।

उन्होंने कहा कि इसे बेवजह साम्प्रदायिक रंग दिया गया है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड यात्रा के दौरान दुकान मालिकों को दुकानों के बाहर अपने नाम प्रदर्शित करने के लिए कहा था।

यूपी सरकार ने दिया था ये आदेश

उल्लेखनीय है कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्य सरकारों के अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों पर अंतरिम रोक लगा दी थी कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को ऐसी दुकानों के बाहर मालिकों के नाम प्रदर्शित करने चाहिए।

कथित तौर पर यह निर्देश उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई जिलों में लागू किया गया था और मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए थे।

संपादकीय

हरेला एक प्रेरणा

पर्यावरण को बचाने के लिए सीधा और स्पष्ट सिद्धांत है की अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए जाए। वृक्ष नहीं तो फिर भविष्य का पर्यावरण भी नहीं। देवभूमि में ही यह संभव है कि यहां प्रकृति से प्रेम करते हुए हरेला जैसे त्योहार मनाए जाते हैं तो वहीं वृक्षों की रक्षा के लिए "चिपको" जैसे आंदोलन पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। दुख इस बात का है कि विकास की अंधी दौड़ में हमारी सरकार है पर्यावरण को दरकिनार करते हुए ऐसे कई प्रोजेक्ट पास कर देती है जो पर्यावरण की छाती को चीर कर उसमें खोट पैदा कर देते हैं। उत्तराखंड में मई और जून के महीने में राज्य के लोगों ने जो माहौल देखा वह काफी डरावना था और उसका एक सीधा सा कारण जंगलों का बेतहाशा तरीके से दोहन ही था। सब कुछ समझते हुए भी ना तो सरकार और ना ही जन सामान्य जागने को तैयार है कि बिना वृक्षों के जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण की रक्षा के लिए यूं तो तमाम संगठन सरकार से न जाने कितनी वित्तीय सहायता प्राप्त करते होंगे लेकिन पर्यावरण भले ही ना सवरे लेकिन ऐसे कई संगठन खुद का भविष्य जरूर संवार लेते हैं। "हरेला" जैसे पर्व एक आस है पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति से प्रेम करने के, लेकिन यह भी तभी संभव है शासन और प्रशासन अपनी इच्छा शक्ति का उजागर करें। ईश्वर की कृपा है कि पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने के बाद भी इस बार मानसून ने अच्छी आस जगाई है लेकिन मौसम बदलने के साथ–साथ ही हम पुरानी बातों को भी भूल जाएंगे और फिर वही अनियोजित विकास का खेल शुरू हो जाएगा। सिर्फ नारे लगाने और सेमिनार आयोजित करने से पर्यावरण की रक्षा होने वाली नहीं है बल्कि इसके लिए जमीन खोदकर एक पेड़ तो लगाना ही होगा। यदि यह भी संभव नहीं है तो फिर समझ लेना चाहिए कि भविष्य संकट में है और आने वाली पीढ़ी के लिए शायद सड़क किनारे "ऑक्सीजन बूथ" लगाने की जरूरत भी पड़ने लगेगी। उत्तराखंड के जंगलों का जिस प्रकार से दोहन किया जा रहा है वह पर्यावरण की दृष्टि से कतई सुरक्षित नहीं कहा जा सकता नगरीय क्षेत्रों में भी पेड़ों को काटकर बहुमंजिला बिल्डिंग बनाई जा रहे हैं जहां नियम कानून भी कोई मायने नहीं रखते। हरेला और चिपको आंदोलन जैसे महान अभियान को रोशनी देने वाले इस प्रदेश में भी यदि पर्यावरण इस प्रकार से खंडित हो रहा है तो फिर हमें एक असुरक्षित भविष्य के लिए भी तैयार रहना होगा।

मीडिया सिर्फ सत्ता का भोंपू नहीं होता

सुधीश पचौरी

कई एंकर ऐसे नाजुक मौकों पर बड़ी शालीनता से जवाब देते हैं कि हमारा चैनल किसी का पक्षपाती नहीं, न हम किसी के दलाल हैं, हम जनता के पक्षधर हैं, सभी तरह के विचारों को दिखाते हैं, जब आप इधर उधर करते हैं तो हमें टोकना पडता है और ऐसा हम सबके साथ करते हैं..अरसे से बहसों को देखता आ रहा यह टिप्पणीकार इस बात का गवाह है कि जब से 'विभाजनकारी राजनीति' बढ़ी है तब से कई प्रवक्ताओं का रोष एंकरों और चैनलों पर निकलता है..ऐसे में बताइए एंकर क्या करे? वह अपना 'शो' चलाए या ऐसे धमकीवादी प्रवक्ताओं की धौंसपट्टी को माने? ऐसे हर मौके पर कई एंकर बिना उत्तेजित हुए जवाब देते हैं कि आप एक बड़े दल के प्रवक्ता हैं। आप को धमकी की भाषा शोभा नहीं देती। जरूरत होने पर हम सबको टोकते हैं। अगर आप मुद्दे पर तर्क– वितर्क नहीं कर सकते तो बताइए। हम कैसे न टोकें..आखिर,और भी कई लोग हैं जिनको अपनी बात कहनी है..।

एक बहस में एक प्रवक्ता एंकर से शिकायत करता है कि वह उसे बोलने से रोक रहा है क्योंकि वह (एंकर) भाजपावादी है..जबकि विपक्षी प्रवक्ता से एंकर ने सिर्फ इतना कहा था कि आप विषय पर बात करें, इधर उधर की बात न करें।

एंकर भी क्या करे? वह बहस के शुरू में टॉपिक को 'इंट्रोड्यूस' करता है। फिर पक्ष विपक्ष के प्रवक्ताओं आदि को आमंत्रित करता है कि वे टॉपिक पर बात करें..लेकिन जब प्रवक्ता विषय से हटकर इधर उधर की बातें करने लगते हैं तो एंकर टोकने लगता है कि आप मुद्दे की बात करें..ऐसा सुनते ही कई प्रवक्ता एकदम फैल जाते हैं और एंकर पर आरोप लगाने लगते हैं कि तुम बिके हुए हो..ऐसी ही एक बहस में एक प्रवक्ता ने तो एंकर को यहां तक धमका दिया कि अब तो होश में आ जाओ कल को हम सत्ता में होंगे तो क्या करोगे?

कई एंकर ऐसे नाजुक मौकों पर बड़ी शालीनता से जवाब देते हैं कि हमारा चैनल किसी का पक्षपाती नहीं, न हम किसी के दलाल हैं, हम जनता के पक्षधर हैं, सभी तरह के विचारों को दिखाते हैं, जब आप इधर उधर करते हैं तो हमें टोकना पडता है और ऐसा हम सबके साथ करते हैं..अरसे से बहसों को देखता आ रहा यह टिप्पणीकार इस बात का गवाह है कि जब से 'विभाजनकारी राजनीति' बढ़ी है तब से कई प्रवक्ताओं का रोष एंकरों और चैनलों पर निकलता है..ऐसे में बताइए एंकर क्या करे? वह अपना 'शो' चलाए या ऐसे धमकीवादी प्रवक्ताओं की धौंसपट्टी को माने?

ऐसे हर मौके पर कई एंकर बिना उत्तेजित हुए जवाब देते हैं कि आप एक बड़े दल के प्रवक्ता हैं। आप को धमकी की भाषा शोभा नहीं देती। जरूरत होने पर हम सबको टोकते हैं। अगर आप मुद्दे पर तर्क– वितर्क नहीं कर सकते तो बताइए। हम कैसे न टोकें..आखिर,और भी कई लोग हैं जिनको अपनी बात कहनी है..।

आप ही इस तरह से अगर सारा टाइम खराब करेंगे तो मुझे आपके माइक को

साइलेंट करना पड़ेगा। स्पष्ट है कि यह सब मीडिया को अपने दबाव में लाने, उसे धमकाने, उस पर हावी होने की राजनीति है जो पिछले दिनों काफी बढ़ी है। चैनलों का काम है कि हर दिन या उसके आसपास के विवादित मुद्दों पर चरचा कराएं ताकि जनता अधिक जागरूक बने। यही उनका काम है जिसे वे मेहनत से करते हैं. दरअसल, जब से हमारी राजनीति अधिकाधिक 'नफरतभरी' और 'कलहभरी' होती गई है तब से चैनल भी ऐसी बाइटों, ऐसे टॉपिकों पर बहस कराते हैं जो लोगों की जुबान पर होते हैं। लेकिन कई प्रवक्ता पूरी तैयारी से नहीं आते जबकि एंकर की अपेक्षा होती है कि वो बोलें तो मुद्दे पर 'तकरे' और 'तथ्यों' के साथ बोलें। ऐसा करने से उनके दल का तो मान बढ़ेगा ही, आम दर्शकों के दिलों में उनका भी सम्मान बढ़ेगा।

फिर भी, ऐसे कई प्रवक्ता ऐसा करने की जगह अपने 'मुद्दों' को ही बहस का मुद्दा बनाने पर तुल जाते हैं और वही बोलते चले जाते हैं जो 'रट' के आए होते हैं। कई प्रवक्ता ऐसे भी हैं जो मुद्दा कोई हो अपनी शिकायत का पिटारा खोलकर बैठ जाते हैं कि आप उन्हीं मुददों को उठाते हैं जो सत्ता के पक्ष में होते हैं, आप जनहित के मुद्दों पर बहस नहीं कराते। और कई तो ऐसे भी होते हैं जो टाइम खत्म हो जाने पर भी बोलते– बड़बड़ाते रहते हैं ताकि दूसरे को जबाव देने का टाइम ही न मिले। यह तरकीब कई दलों की नई रणनीति का हिस्सा हैःचाहे मुद्दा बाढ़ का हो या रेल दुर्घटना का, वे अपने ही एजेंडे को बार–बार रिपीट करते रहते हैं। और जब से 2024 के लोक सभा चुनाव हुए हैं तब से विपक्ष एक नये आकामक तेवर के साथ पेश होता है जबकि सत्ता पक्ष अपने ही बड़बोलेपन का शिकार होकर 'हतप्रभ' नजर आता है।इसी तरह, कुछ विपक्षी प्रवक्ता अधिक हावी नजर आते हैं जबकि सत्ता–प्रवक्ता चुनावी पिटाई से अभी तक नहीं उबरे हैं। समझना होगा कि मीडिया किसी का 'पूरा चमचा' नहीं होता। जनतंत्र का ऐसा 'चौथा पाया' होता है जो कभी–कभी सत्ता को आईना दिखा सकता है क्योंकि उसे जनता के प्रति भी वफादार होना होता है। इसलिए वह कभी–कभी ऐसे सुर भी लगा देता है जो जन हित के होते हैं। यों चोम्स्की मानते हैं कि मीडिया 'सहमति (कंसेट) को बनाने वाला होता है लेकिन हमारा अनुभव है कि 'सहमति' बनाने के साथ–साथ वह 'असहमति' भी बनाता है क्योंकि मीडिया की भाषा 'एकार्थ' की जगह जनता के बीच 'अनेकार्थ' बनाने की गुंजाइश छोड़ती है। इसलिए मीडिया सिर्फ सत्ता का भोंपू हमेशा नहीं होता, बल्कि कभी–कभी जनता का भी 'भौंपू' बन जाता है।

भाजपा के लिए खतरे की घंटी

देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को करारा झटका देते हुए 10 सीटें जीत लीं। भाजपा दो सीट ही जीत सकी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक–एक सीट के लिए चुनाव हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, 'आप', टीएमसी और द्रमुक ने अपने उम्मीदवार उतारे थे।

नतीजों से इंडिया गठबंधन के घटक दल गद्गद् हैं, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा कि लोगों ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है और नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का प्रमाण हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट करके इन नतीजों पर मतदाताओं का आभार जताया है।

खास बात यह रही कि उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में जनता ने पाला बदलने वाले नेताओं को नकार दिया। उत्तराखंड की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीत लीं। सर्वाधिक चर्चा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ सीट की है, जहां कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रही। यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े राजेंद्र सिंह भंडारी कांग्रेस के सिटिंग विधायक थे लेकिन पाला बदल कर भाजपा में जा मिले। भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उन्हें पराजित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भी रोचक परिदृश्य उभरा है। देहरा सीट से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश जीतीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराया। प्रदेश में पहली बार होगा जब पति–पत्नी सदन में साथ होंगे। कांग्रेस के विधायक 40 हो गए हैं, जबकि भाजपा की 28 सीटें हैं। फरवरी में राज्य सभा चुनाव के वक्त विधायकों की बगावत से कांग्रेस की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे, जो टल गया है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को फिर झटका देते हुए अमरवाड़ा सीट जीत ली। पश्चिम बंगाल में दीदी का जलवा कायम है, और टीएमसी ने चारों सीटें जीत लीं। भाजपा से तीन सीटें छीनी हैं। बेशक, नतीजे भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं, जिनका उप्र में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव तथा हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के आसन्न असेंबली चुनाव पर निश्चित असर दिखेगा।

सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार

देश की राजधानी के शाहदरा इलाके के नामी सरकारी अस्पताल गुरु तेग बहादुर (जीबीटी) में एक मरीज की गोलियां बरसाकर हत्या वाकई स्तब्ध करती है।

मृतक खजूसी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाला 32 साल का रियाजुद्दीन है, जो अस्पताल में पेट के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती था। पुलिस के अनुसार हत्यारा एक अन्य मरीज वासिम को मारने आया था। जिस पर सत्रह मामले दर्ज हैं। उसे और उसके साथी आसिफ को 12 जून को शांति चौक पर गोली मारी गई थी, जिसके इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसकी पत्नी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने को कहा था। रियाजुद्दीन गलत पहचान के चलते मारा गया प्रतीत हो रहा है। बहरहाल, यह सारी घटना बिल्कुल फिल्मी प्लॉट की तरह लग रही है। हत्याकांड में 3–4 लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हैरत है, यह सब दिल्ली के व्यस्त इलाकों में हो रहा है। दिल्ली सरकार लगातार कानून–व्यवस्था को बदतर कह रही है।

अपराधियों के बुलंद होते हौसले देखकर दिल्ली पुलिस की लापरवाही तो साफ ही है। साथ ही अस्पताल के प्रशासन–व्यवस्था के काम पर संदेह होता है। हालांकि वार्ड में काफी लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई घायल नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्थिति भयावह भी हो सकती थी। डॉक्टर तो हड़ताल पर चले गए पर मरीजों के इख्तियार में तो कुछ भी नहीं होता। जिस मासूम की जान गई है, उसके प्रति कौन जिम्मेदार होगा। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया या उसे सजा हो गई तो भी मृतक के परिवार को न्याय कैसे दिया जा सकेगा।

विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में

संजीव ठाकुर

भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचा कर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने 7 दिसम्बर, 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। यह एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है, वहीं नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदाथरे के नशे की लत युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं।

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है।

भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचा कर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने 7 दिसम्बर, 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। यह एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है, वहीं नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदाथरे के नशे की लत युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल, तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघ कर नशे का आनंद लेते हैं। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का युवा सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगे हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ–साथ मादक पदाथरे से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही– सही उपचार भी बताता है। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। मद्यपान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय शराब के नशे में प्रति वर्ष मर जाते हैं। आज हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है। पुरु ष तो पुरु ष महिलाएं भी मद्यपान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यमवर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है।

एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25त्न महिलाएं शराबखोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60त्न से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों, सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है। मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदाथरे पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्त्तव्य से परे हो

राघव जुयाल, धैर्य कारवा की ग्यारह ग्यारह की रिलीज डेट से उठा पर्दा, जी5 पर होगी स्ट्रीम

करण जौहर आने वाले दिनों एक से बढक़र एक फिल्में दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उनकी एक वेब सीरीज भी काफी समय से लोगों के बीच चर्चा में है, जिसका नाम है ग्यारह ग्यारह।इस सीरीज में राघव जुयाल और धैर्य कारवा मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। ऐलान के बाद से ही दर्शक इसे लेकर उत्साहित थे और अब इस सीरीज की रिलीज तारीख सामने आ गई है।आइए जानते कब और कहां रिलीज होगी ग्यारह ग्यारह।

सीरीज से राघव और धैर्य की पहली झलक भी सामने आ गई है। करण के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्टर के साथ रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, क्या होता है जब 2 दुनिया ग्यारह ग्यारह में जुड़ती हैं? जी5 पर 9 अगस्त को खुलेगा रहस्य।करण जानी–मानी निर्माता गुनीत मोंगा के साथ मिलकर यह सीरीज बना रहे हैं।कृतिक कामरा भी इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रही हैं। उमेश बिष्ट ग्यारह ग्यारह के निर्देशक हैं। उमेश ने कहा, मेरे लिए यह बिल्कुल असाधारण यात्रा रही है। मैं करण जौहर और गुनीत मोंगा जैसी हस्तियों के साथ काम करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे शो के जरिए दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का स्वाद मिलेगा, जो समय को आपस में जोड़ती है। इसमें सस्पेंस, ड्रामा, रोमांच समेत वो सब कुछ है, जो एक एंटरटेनर फिल्म में होता है।

मैं जी5 पर सीरीज के प्रीमियर को लेकर उत्साहित हूं। इसकी रोमांचक कहानी दिमाग घुमा देगी। करण ने इस पर बात करते हुए कहा, ग्यारह ग्यारह एक आम पुलिस सीरीज से कहीं ज्यादा है। इसमें रहस्य और सिद्धांतों की अपनी खासियत है। गुनीत के साथ साझेदारी में मैं दर्शकों को उमेश के इस खूबसरूत सफर पर ले जाने के लिए उत्साहित हूं, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

शेफ़ील्ड शील्ड सीरीज़ के जरिए भारत के खिलाफ तैयारी करेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

मेलबर्न, सभी फॉर्मेट में खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाडिय़ों को पांच साल में पहली बार भारत के खलिाफ़ टेस्ट सीरीज़ की तैयारी के लिए चार शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेलने का अच्छा मौक़ा मिला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को घरेलू सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें महिलाओं की नई टी20 प्रतियोगिता भी शामिल है। यह प्रतियोगिता एडिलेड और सिडनी में 10 दिनों तक चलेगी। पिछले सीज़न की तरह ही पुरुषों के लिए वनडे कप और शेफ़ील्ड शील्ड दोनों में सात–सात मैच होंगे। लेकिन लंबे समय के बाद पहली बार मल्टी–फॉर्मेट खिलाडिय़ों को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफ़ी जीतने के लिए शील्ड मैचों के जरिए तैयारी करने का शानदार मौक़ा मिलेगा। इस साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया की टीम सीमित ओवर की सीरीज़ के लिए इंग्लैंड जाएगी। यह दौरा 29 सितंबर को समाप्त होगा। इसके बाद खिलाडिय़ों को 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले शील्ड सीज़न से पहले एक सप्ताह का समय मिलेगा। अगर तेज़ गेंदबाज़ों को पहले राउंड से आराम दिया जाता है, तब भी खिलाडिय़ों के पास 22 नवंबर से भारत के खलिाफ़ शुरू होने वाली सीरीज से पहले तीन मैच होंगे।

पल्लेकेले में खेले जाएंगे भारत– श्रीलंका का टी20 सीरीज

नईदिल्ली, 25 जुलाई। भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा. दोनों टीमें पल्लेकेले के मैदान पर आमने–सामने होंगी. टीम इंडिया श्रीलंका पहुंच चुकी है और प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है. हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया अपनी पहली सीरीज खेलने वाली है. ऐसे में गौतम गंभीर की नजर दोनों सीरीज में जीत हासिल करने पर होगी. चलिए जानते हैं कि पल्लेकेले में टीम इंडिया का रिकॉर्ड कैसा रहा है.भारत ने श्रीलंका की धरती पर ऐसे तो कई टी20 मुकाबले खेले हैं, लेकिन पल्लेकेले में टीम इंडिया ने अबतक सिर्फ एक टी20 मैच खेली है. इस मैच में भारत ने श्रीलंका को 39 रनों से हराया था. वहीं श्रीलंका की बात करें तो टीम ने 17 टी20 मुकाबले इस मैदान पर खेले हैं. जिसमें श्रीलंका ने 10 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 6 मैच में हार का सामना किया. वहीं एक मैच बेनतीजा रहा है.भारत और श्रीलंका के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों के बीच अबतक 29 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं. जिनमें से टीम इंडिया ने 19 मैचों में जीत हासिल की है. जबकि श्रीलंका को 9 मैचों में जीत मिली है. वहीं दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला बेनतीजा रहा था.

भारत और श्रीलंका टी20 सीरीज का स्क्वाड

भारत की टी20 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज.

टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीमः चरिथ असलांका (कप्तान) पथुम निसांका, कुसल परेरा, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो.

मंडे टेस्ट में फेल हुई बैड न्यूज, फिर भी 30 करोड़ का आंकड़ा किया पार

विक्की कौशल स्टारर लेटेस्ट रिलीज फिल्म ह्यबैड न्यूजह्न दर्शको को फुल एंटरटेनमेंट की डोज दे रही है. इस फिल्म की रिलीज से पहले ही काफी बज बन गया था जिसके चलते इसकी अच्छी प्री टिकट सेल भी हुई थी. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद तो बैड न्यूज ने दर्शकों का दिल जीत लिया और इसने पहले दिन शानदार ओपनिंग की. वहीं वीकेंड पर फिल्म की कमाई में अच्छी–खासी तेजी देखी गई और इसने छप्परफाड़ कलेक्शन किया. चलिए यहां जानते हैं बैड न्यूज का मंडे टेस्ट का रिजल्ट कैसा रहा है?विक्की कौशल साल की अपनी पहली रिलीज फिल्म ह्यबैड न्यूजह्न को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. आनंद तिवारी निर्देशित इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, एमी विर्क और नेहा धूपिया भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म विक्की और तृप्ति की जबरदस्त केमिस्ट्री और थिरकाने वाले गानों के साथ काफी लोगों का ध्यान खींचने में कामयाब रही है. इसी के चलते बैड न्यूज को सिनेमाघरों में भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की शुरुआत को अच्छी रही ही थी वहीं वीकेंड पर बैड न्यूज ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया. बैड न्यूज की कमाई की बात करें तो फिल्म ने 8.3 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद इसने दूसरे दिन 23.49 फीसदी की तेजी के साथ 10.25 करोड की कमाई की और तीसरे दिन बैड न्यूज का कलेक्शन 8.78 फीसदी के उछाल के साथ 11.15 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब बैड न्यूज की रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बैड न्यूज ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को 3.5 करोड़ की कमाई की है.

अश्विन बाबू की फिल्म शिवम भजे की रिलीज डेट हुई अनाउंस, 1 अगस्त को सिनेमाघरों देगी दस्तक

एक्शन से भरपूर गर्मी के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि अश्विन बाबू की आने वाली फिल्म शिवम भजे 1 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। हाल ही में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिडिम्बा में अभिनय करने वाले अभिनेता इस एक्शन ड्रामा में पहले कभी न देखे गए अवतार से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं।

फिल्म के प्रोमो में अश्विन के गहन परिवर्तन की झलकियाँ पहले ही दिखाई जा चुकी हैं, जिससे प्रशंसक और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। उनके साथ, फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में दिगंगना सूर्यवंशी हैं, जिसमें लोकप्रिय कॉमेडियन हाइपर आदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस फ़िल्म में बॉलीवुड स्टार अरबाज खान मुख्य खलनायक की भूमिका में नजऱ आएंगे, जो तेलुगु सिनेमा में उनकी पहली फ़िल्म होगी।

पंत वनडे मध्यक्रम में पहली पसंद, राहुल, श्रेयस को इससे लड़ना होगाः आर श्रीधर

नई दिल्ली, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में भारत के टी–20 के नए युग की शुरुआत के साथ ही, अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम की संरचना भी पर्यवेक्षकों का ध्यान खींचेगी।

वनडे टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कारक मध्यक्रम का गठन होगा। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में भारत के लिए किले को संभाला था, खासकर जब ऋषभ पंत एक गंभीर कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबर रहे थे।

लेकिन 20 महीने के बाद भारत की वनडे टीम में पंत की वापसी का मतलब है कि भारत के पास ऐसी स्थिति है जहां

तीन खिलाड़ी मध्यक्रम के दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर की राय में, पंत एक जरूरी खिलाड़ी हैं, जबकि कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए राहुल या श्रेयस में से किसी एक को चुना जाना चाहिए।

मुझे पूरा यकीन नहीं है कि क्या शिवम दुबे और रियान पराग वनडे प्लेइंग इलेवन में जगह बना पाएंगे क्योंकि विराट और रोहित वापस आने वाले हैं। इसलिए यदि आप शीर्ष तीन को देखें, तो यह रोहित, शुभमन और विराट होंगे – यह तय है। तो मेरी राय में ऋषभ, श्रेयस और केएल राहुल में से केवल दो ही खेल सकते हैं. इसलिए एक कीपर को खेलना होगा। श्रीधर ने कहा, भले ही आप पिछले साल भारत में आयोजित एकदिवसीय विश्व कप में श्रेयस का प्रदर्शन लें, यह शानदार था, केएल राहुल का भी। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज ऋषभ पंत की भारत को शीर्ष छह में जरूरत है। तो यह ऐसी चीज़ है जिस पर मेरे लिए समझौता नहीं किया जा सकता। इसलिए, मेरे लिए, ऋषभ पंत एक कीपर बल्लेबाज के रूप में एक स्वचालित पसंद होंगे,

एक नजर

नवोदय विद्यालय में पंजीकरण शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैंण में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 16 सितम्बर 2024 तक पंजीकरण कर सकते है।

जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैंण के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा की तिथि 16 सितंबर, 2024 तक है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा 2025 के लिए उम्मीदवार ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। कहा कि ऑनलाइन वेबसाइट पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं का जन्म 1.5.2013 से 31.7.2015 के बीच हुआ है वहीं पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन पंजीकरण की वेबसाइट पर कर सकते हैं।

मतदान केंद्र को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 के तहत आने वाले क्षेत्रों का मतदान केंद्र नगर पालिका प्रावि नंबर 1 में करने की मांग की है। मांग को लेकर कांग्रेस और स्थानीय निवासियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

गुरुवार को कांग्रेस के नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, मनमोहन डेनियल ने कहा कि शहर के वार्ड नंबर 11 के तहत आने वाले प्रेमनगर, बिचली रांई, चरणगांव, गडोली के मतदाताओं का बूथ सेंट थॉमस स्कूल है, जोकि इन क्षेत्रों से पैदल 3 किमी. तो सड़क मार्ग से 6 किमी. पड़ता है। जिससे बुजुर्गों व अन्य मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए यहा का मतदान केंद्र नगर पालिका प्रावि नंबर 1 में करने की मांग की है।

अतिथि शिक्षकों के पदों को सुरिक्षत किया जाय

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अतिथि शिक्षक संगठन की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को आयोजित बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि यदि 70 फीसदी की अनिवार्यता को देखते हुए अतिथि शिक्षकों को स्कूल के पदों पर शामिल किया जाता है तो अतिथि शिक्षकों के पदों को सुरक्षित किया जाए। अतिथि शिक्षकों ने चेतावनी दी कि जल्द लंबित मानदेय नहीं मिला तो वो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

अतिथि शिक्षक संगठन की बैठक में वर्तमान स्थानांतरण से प्रभावित हो रहे अतिथि शिक्षकों के समस्याओं के समाधान, जिले में ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन मानदेय के जल्द भुगतान की मांग उठाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही लंबित मानदेय का भुगतान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में अतिथि शिक्षकों ने कहा कि अपने विषयगत शिक्षण को छोड़ते हुए अन्य विषयों, प्रभारों पर कार्य नहीं करेंगे। वर्तमान में विभाग में स्थानांतरण में अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त मानने पर अतिथि शिक्षकों के पदों को भी शामिल करने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रेखा रावत, उपाध्यक्ष उषा गुसाईं, निधि नौड़ियाल, अनिल जोशी, मनोज बिष्ट आदि शामिल रहे।

एनआईटी भवन निर्माण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने चमरडा की तरफ की भूमि पर चल रहे एनआईटी के कार्य को बाधित किया। कुछ ने ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण खड़े कर दिए। ग्रामीणों ने बताया एनआईटी के निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी मानते हुए रोजगार दिया जाना चाहिए। एनआईटी क्षेत्रीय संघर्ष समिति के सचिव अमित कंडारी ने कहा कि एनआईटी निर्माण केद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। जिसके निर्माण से लोगों का शिक्षा समेत समग्र विकास होगा। लेकिन कुछ लोग इतनी बड़ी विकास परियोजना के कार्य को बाधित कर रहे हैं।

स्वतंत्रता सैनानी श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर रोपे पौधे

श्रीनगर गढ़वाल : महान स्वतंत्रता सेनानी श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौध रोपण किया गया। गढ़वाल विवि के अधिष्ठता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी के नेतृत्व में बिड़ला परिसर के गर्ल्स कॉमन रूम सहित अन्य स्थानों पर आंवला, तेज पत्ता आदि औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

फिर पहाड़ी से गिरा भारी बोल्डर व मलबा, घटों हाईवे पर लगा जाम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वर्षाकाल में कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर चुनौती बनता जा रहा है। बुधवार देर रात हुई बारिश से एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी मलबा व बोल्डर आ गया। जिसके कारण हाईवे पर घंटों यातायात बंद रहा।

बुधवार देर रात को हुई तेज बारिश से एक बार फिर दुर्गा माता मंदिर के समीप पहाड़ी से मलबा आ गया। एक सप्ताह पूर्व इसी स्थान पर पहाड़ी का हिस्सा दरककर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया था। जिसके कारण सड़क का आधा हिस्सा भी नदी की भेंट चढ़ गया था। एनएच विभाग ने मलवा व बोल्डर को हटाकर यातायात शुरू करवाया था। लेकिन, उक्त स्थान पर अब भी पहाड़ी से मलबा व बोल्डर गिरने का दौर जारी है। बुधवार देर रात हुई बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी मलबा व बोल्डर आ गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को मलबा व बोल्डर हटाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सुबह करीब आठ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए खोला गया। इस दौरान कोटद्वार व दुगड्डा की ओर से वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी।

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य वर्षा के दौरान आवाजाही करते वाहन

शिक्षक शंकर बहादुर को सम्मानित करते सदस्य

रक्तदान के लिए शिक्षक को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आरसीडी पब्लिक स्कूल के अर्थशास्त्र के शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर को 20वां रक्तदान के लिए आधार शिला फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के प्रमुख दलजीत सिंह, गोविंद डंडरियाल, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुभाष चंद्र ढौंडियाल, मंजू देवी, कांति देवी डंडरियाल एवं विद्यालय के उप प्रधानाचार्या नीरजा गौड़ द्वारा शंकर बहादुर को सम्मानित किया गया। शंकर बहादुर ने आपतकालीन स्थिति में ऋषिकेश पहुंचकर मीरा बिष्ट को ह्यबी नेगेटिवह्न का रक्तदान किया। उनके इस सेवा भाव के कार्य को विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ द्वारा सराहा गया।

श्री देव सुमन को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय इंटर कालेज सिगड्डी में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन को 80 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी ने श्रीदेव सुमन का स्मरण करते हुए कहा कि श्रीदेव सुमन का मूल नाम श्रीदत्त बडोनी था। उनको टिहरी रियासत और अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ जनक्रांति कर अपने प्राणों का बलिदान करने के लिए याद किया जाता है। कहा कि वे पूरी तरह गांधीवादी थे। टिहरी रियासत की दमनकारी नीतियों से आहत होकर उन्होंने 3 मई 1945 से ऐतिहासिक आमरण अनशन प्रारंभ किया और 25 जुलाई 1944 को 84 दिन की लंबी भूख हड़ताल के बाद अंतिम सांस ली। शिक्षक वेद प्रकाश धस्माना ने भी श्रीदेव सुमन के क्रांतिकारी जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके जीवन से सीख प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजीव शर्मा, सुनील खंतवाल, वीरेंद्र सिंह रावत, दीपक लखेड़ा, जेके दोहरे, गजपाल सिंह रावत और दीवान सिंह रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

उक्रांद की मजबूती का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से वीर शहीद श्री देव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। शिब्बूनगर में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने श्री देव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज हित में दिए गए वीर शहीद श्री देव सुमन के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान उत्तराखंड क्रांति दल की चुनौतियां और उसके समाधान विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। यूकेडी के संरक्षक और मार्गदर्शन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल की सबसे बड़ी चुनौती जनता का विश्वास हासिल करना है। इसके लिए पार्टी को लीडर, कैडर और विजन में सुधार लाना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनौतियों का समाधान के लिए कॉलेज, पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संगठनात्मक ढांचा को मजबूत करना होगा। महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने कहा कि वार्ड स्तर पर संगठन शक्ति को बढ़ाना होगा, तभी हम जनता के समक्ष चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड क्रांति दल के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल के योगदान के बल पर 1994 का जन आंदोलन हुआ जिसकी परिणीति उत्तराखंड राज्य निर्माण में हुई।

आयोजित कार्यक्रम में मौजूद उक्रांद के सदस्य

कार्यक्रम का संचालन करते हुए केंद्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पहाड़ विरोधी नीतियों को समाप्त करें और पहाड़ की जनता की भावनाओं के रूप नीतियों को बनाए। यूकेडी के वरिष्ठ नेता और राज्य आंदोलनकारी पितृ शरण जोशी ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल को वैचारिक लड़ाई जमीन पर करनी चाहिए और जन समस्याओं का निराकरण करना होगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत ने कहा कि भाबर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से राज्य सरकार को करना चाहिए। बौद्धिक प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने केंद्र सरकार से मांग की कि जल जंगल जमीन का अधिकार जनता को सौंपने के लिए सरकार को वन और वन्य जीव कानून में परिवर्तन करना चाहिए। राजेंद्र प्रसाद पंत ने कहा कि मानव विकास और पर्यावरण में संतुलन करके ही पहाड़ी क्षेत्र में मौलिक विकास हो सकता है। मुकेश बड़थ्वाल ने ग्रामीण क्षेत्र की विकास की उपेक्षा का आरोप सरकार पर लगाया और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर खोलने की मांग की। इस मौके पर सत्यपाल नेगी, रामचंद्र जुयाल, संजय नवानी, ओमप्रकाश घनसेला, भारत मोहन काला, रामचंद्र सिंह नेगी, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गोसाई, विनोद चौधरी, सतपाल नेगी, कमलेश कुकरेती, मेहरबान सिंह नेगी, जसपाल रावत, दीपक चंद्र, गिरीश चंद्र घनशाला आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता पुष्कर सिंह रावत और संचालन सत्य प्रकाश भारद्वाज ने किया।

सरकारी भूमि से अतिक्रमण न हटाने पर समिति ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त न करने पर उत्तराखंड विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि हाईकोर्ट ने प्रशासन को सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करावाने के आदेश दिए हैं।

बकायदा इस संबंध में शिकायती ऐप भी बनाया गया है। बावजूद सरकारी सिस्टम अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

गुरुवार को सदस्यों ने तहसील में पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला व वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल के नेतृत्व में समिति के सदस्य तहसील परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जानकी बल्लभ मैंदोला ने कहा कि वर्तमान में लोगों ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर रखा है। प्रदेश की महिला शक्ति भी सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार आंदोलनरत है। कोटद्वार स्थित भोटिया पड़ाव में तीन मंजिला भवन, शौचालय, टंकी व दुकानों का निर्माण हो चुका है। इसके अलावा सैकड़ो हैक्टेयर वन भूमि पर भी बड़ी मात्रा में अतिक्रमण हो रखा है। प्रशासन भी अतिक्रमण को नजर अंदाज करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि लैंसडौन वन प्रभाग का कहना है कि सिद्धबली मंदिर ग्रास्टनगंज से सटे पूर्व उत्तर का जंगल व भूमि पर अतिक्रमण का उल्लेख नहीं है। विभाग को सैकड़ों हैक्टेयर वन भूमि का पता ही नहीं है। जिसे लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। राजस्व विभाग का कहना है कि सनेह पट्टी से ग्रास्टनगंज तक पंचायत वन अथवा राजस्व वन नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से सरकारी जमीन, जंगलों में हो रखे अतिक्रमण की जांच करवाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालों में विपुल उनियाल, जेएस नेगी, शशिमोहन उनियाल, दुर्गा प्रसाद मौजूद रहे।

कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के मध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते समिति के सदस्य

सेना ने विद्यार्थियों को दी हथियारों की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आर्मी पब्लिक लैंसडौन स्कूल के विद्यार्थियों के लिए जीआरआरसी द्वारा हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन डायस स्टेडियम में किया गया। कक्षा 3 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने और उनके दिलों में भारतीय सेना के प्रति गर्व और विश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से लगाई गई थी। इससे छात्र-छात्राएं सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित और उत्साहित दिखे। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने इस तरह के आयोजन के लिए स्कूल चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी और जीआरआरसी का आभार व्यक्त किया।

उत्तर रेलवे — आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2024-25/TN-06 — दिनांक : 24.07.2024

विभाग	Electrical (TRD)
टेंडर नं.	T-09-TRD-MB-24-25
कार्य का नाम	मुरादाबाद मंडल (चरण–।।) पर ऑटो–टेंशनिंग डिवाइस (एटीडी) की आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) का कार्य।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	16.08.2024, 15:00 Hrs.
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	रु. 1,29,10,415/- (Including GST@18%)
बिड सिक्यूरिटी राशि (₹)	रु. 2,14,600/-
निविदा प्रपत्र मूल्य (₹)	NIL
ऑफर की वैधता (दिन)	60 Days
कार्य पूरा करने की अवधि	12 Months
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

2271/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या वड–1520210002405 में मेरा नाम यज्ञवर्धन (YASHVARDHAN) पुत्र बीरेन्द्र कुमार बहुखण्डी (BIRENDRA KUMAR BAHUKHANDI) त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम यर्शवर्धन बहुखण्डी पुत्र (YASHVARDHAN BAHUKHANDI) बीरेन्द्र बहुखण्डी (BIRENIDER BAHUKHANDI) है।

अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही व वास्तविक नाम यर्शवर्धन बहुखण्डी (YASHVARDHAN BAHUKHANDI) पुत्र बीरेन्द्र बहुखण्डी (BIRENDER BAHUKHANDI) अंकित कर ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किया जाय।

यज्ञवर्धन बहुखण्डी पुत्र बीरेन्द्र बहुखण्डी निवासी बहुखण्डी निवास गोविन्दनगर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0303/21)

श्री देव सुमन की याद में किया पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री देव सुमन के बलिदान दिवस पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण के साथ ही आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान केले के पौधे रोपकर गंगा उद्यान वाटिका तैयार की गयी। इसके उपरांत विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के साथ ही शिक्षकों और शिक्षार्थियों ने श्रीदेव सुमन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि टिहरी रियासत की दमनकारी नीतियों के विरोध में युवा क्रांतिकारी श्रीदेव सुमन ने 84 दिनों तक आमरण अनशन करने के बाद 25 जुलाई 1944 को अपने प्राणों का उत्सर्ग करके अमर बलिदानी बन गये। शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को वृक्षारोपण दिवस के रूप में मनाकर उनकी पुण्य स्मृति में शिक्षण संस्थाओं और सेवित क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार ने श्रीदेव सुमन के व्यक्तित्व व कृतित्व को उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय की एनएसएस इकाई, यूसर्क विज्ञान चेतना केन्द्र और इको क्लब के द्वारा श्रीदेव सुमन की स्मृति में गंगा उद्यान वाटिका में केले के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर शिक्षकों प्रमोद कुमार रमोला, कैलाश रावत, दिनेश बिष्ट, संजय कुमार, डा. तपेन्द्र बिष्ट, सतीश चन्द्र शाह, डा. रामेन्द्र बिष्ट, नीरज रमोला, विजेता गडोई के साथ ही स्वयं सेवी अंकित पांथरी, आर्यन चौहान, कृष, प्रियांशु, रिषित, विश्वजीत, प्रयास, विवेक, यश चौहान, साहिल सुजल, तनीश, राधिका, सानिया, भावना, अंजलि, पिया, मानसी आदि मौजूद रहे।

अफसर मंडल मुख्यालय में बैठने को तैयार नहीं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने मंडल मुख्यालय से ही मंडलीय कार्यालयों का संचालन करने की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया कि सीएम के निर्देशों के बाद भी कई मंडलीय कार्यालयों का पौड़ी मंडल मुख्यालय से संचालन नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि सीएम के निर्देशों के बाद भी अफसर मंडल मुख्यालय में बैठने को तैयार नहीं है।

नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत ने बताया कि बीते दिनों पौड़ी भ्रमण पर आए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंडलीय कार्यालयों के मंडल मुख्यालय पौड़ी से ही संचालन करने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बाद भी कई मंडलीय कार्यालय देहरादून स्थित कैंप कार्यालयों से संचालित हो रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडलीय अफसर पौड़ी में बैठने को तैयार नहीं है। कहा कि मंडलीय कार्यालयों के मंडल मुख्यालय पौड़ी से ही संचालित करने की मांग को लेकर 27 जुलाई को आयुक्त कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया जाएगा। उन्होंने सभी संगठनों व शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में धरने में आने की अपील की है।

कार्यालय- ग्रा. प्रधान/ग्रा.प्र.वि अधि. पफडियाना विकासखण्ड-थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक : मैमो/सात-2/ लेखा/ राज्य सैक्टर/2023-24 — दिनांक :- 26/07/2024

अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दि. 26/07/2024 से 31/07/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 01.08.2024 को अपराहन 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों को दि. 01.08.2024 में अपराहन 2:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा.प.वि.अधि. पफडियाना के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू.) में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
1	ग्राम सभा पफडियाना में राज्य सेक्टर के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य	20000.00	1200/-+18% GST अतिरिक्त	06 माह	15 दिन	डी एवं उच्चतर

1. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन.एस.सी./बैंक एफ.डी.आर./पोस्ट आफिस पास बुक के रूप में जो के ग्रा.प. पफडियाना के पदनाम बन्धक हो ही मान्य होगी। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू.) का स्टाम्प पेपर एवं रू. 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैधता की शर्तों के लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 3. निविदा की शर्त जी.पी.डब्ल्यू-8, जी.पी.डब्ल्यू-9, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है। 4. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

ग्राम पंचायत विकास पफडियाना
किरसाल विकासखण्ड थलीसैंण
(पौड़ी गढ़वाल)

एक नजर

विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान सप्ताह शुरू

रुद्रप्रयाग : विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल ने कहा कि यह सप्ताह विज्ञान के नए आविष्कारों को समझने का नए अवसर हैं। पूरे सप्ताह में विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही विज्ञान की दुनियां में हो रहे नए-नए आविष्कारों को समझते हुए आगे बढ़ने का समय है। उन्होंने विज्ञान सप्ताह के शुभारंभ पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ही शिक्षकों के साथ औषधिक पौधों का रोपण किया। साथ ही औषधीय पौधों और समाज एवं पर्यावरण के लिए पौधा रोपण के महत्व और इसके लाभ को विस्तार से समझाया। इस मौके पर विद्यालय के विज्ञान प्रमुख आचार्य रूप सिंह रावत, विज्ञान आचार्य दीपक सिंह मुखमाल, धनराज सिंह रावत, प्रेम सिंह नेगी, प्रकाश वशिष्ठ, विक्रम आर्य, रविन्द्र कप्रवाण आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

केदारनाथ में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

रुद्रप्रयाग : बीते कुछ सालों से कांवड़ यात्री उत्तराखंड के प्रमुख धामों में पहुंच रहे हैं। विषम परिस्थितियों के बीच वे केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार का जलाभिषेक कर रहे हैं। केदारनाथ धाम में बम-बम भोले के जयघोषों के बीच कांवड यात्रियों की लगातार आवाजाही बनी है। जबकि द्वितीय केदार मदमहेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ में भी कांवड़ यात्री पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। प्रसिद्ध तीर्थ कोटेश्वर में भी कांवड़ यात्री भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ ही जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, रुद्रप्रयाग नगर के साथ ही तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, ऊखीमठ, चोपता में कांवड यात्रियों की आवाजाही बनी है। (एजेंसी)

जेसीबी चालक घायल, हायर सेंटर रेफर

नई टिहरी : बुधवार रात क्षेत्र में हुई बारिश के दौरान विनयखाल-भिगुन-जाखाणा मोटर मार्ग पर भारी मलबा गिरा गया था। लोनिवि के सहायक अभियंता अरुण कुमार ने बताया की सड़क बंद होने की सूचना पर जेसीबी चालक को मलबा साफ करने भेजा गया। चालक सुबह दस बजे सड़क पर मलबा साफ कर रहा था, तभी अचानक ऊपर पहाड़ी से भारी भरकम बोल्डर जेसीबी के ऊपर जा गिरा। जिसमें जेसीबी चालक अंकित पुत्र रामकुमार निवासी नगीना बिजनौर यूपी गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए सीएचसी बेलेश्वर लाया गया है। जहां डॉक्टरों ने चालक की गंभीर स्थित को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। (एजेंसी)

श्रीदेव सुमन के संघर्ष से युवा पीढ़ी प्रेरणा लें

नई टिहरी : जिला कारागार स्थित श्रीदेव सुमन की मूर्ति पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम केके मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने फूल अर्पित किए। डीएम ने कहा कि जिला मुख्यालय के बौराड़ी स्थित श्रीदेव सुमन लाइब्रेरी को भव्य बनाया गया है। जिससे लाइब्रेरी में पुस्तक पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। श्रीदेव सुमन के पैतृक गांव जौल के लिए हुई घोषणाओं के लिए कई प्रोजेक्ट बनाए गए हैं। उनके गांव में भी आजीविका को बढ़ाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। बलिदान दिवस पर जेल परिसर में लगी श्रीदेव सुमन की मूर्ति का आम जनता से लोकर, अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने दर्शन किए। (एजेंसी)

पुण्य तिथि पर श्रीदेव सुमन को दी श्रद्धांजलि

चमोली : पीजी कॉलेज में श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. वीआर अंथवाल, डॉ. एमएस कंडारी, डॉ.वाईसी नैनवाल, डॉ. एचसी रतूड़ी, डॉ. राधा रावत, डॉ. कविता पाठक, डॉ. इन्द्रेश पांडेय, डॉ. नेतराम, डॉ. चंद्रावती टम्टा, एसएल मुनियाल, जेएस रावत आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल ने वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने असाधारण साहस, शौर्य और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया था।

पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होगा एडवेंचन समिति का गठन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में पर्यटन विकास समिति की बैठक एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास, सुविधाओं में सुधार और पर्यटकों की सुरक्षा के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिये जाने के लिए एडवेंचर समिति का गठन करें। साथ ही जिलाधिकारी ने विकासखंड कोट के घीड़ी में 02 कक्षों के संचालन हेतु पीपीपी मोड में दिये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को सतपुली में हट्स एवं फिशरी सेंटर का कार्य पूर्ण करते हुए अगले माह तक विभाग को हैंड ओवर करने के निर्देश दिये। गुरुवार को आयोजित बैठक में विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत स्यूंसी तहसील को पर्यटन विभाग के पर्यटन आवास में संचालित किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी को स्थानीय लोगों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी निर्णय लिया जायेगा उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नार्थ कॉर्बेट रिजॉर्ट कौड़िया की सुरक्षा के लिए संबंधित अधिकारी को पीआरडी जवान तैनात करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि पर्यटन के विकास की दृष्टि से बनायी गयी परिसंपत्तियों के संचालन और रखरखाव के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया में ऐसे प्रावधान रखे जाय जो संचालन की दृष्टि से प्रासंगिक और व्यावहारिक हो। जिससे संचालन आसानी से हो भी जाए तथा सरकार को मानक अनुरूप राजस्व भी मिलता रहे, साथ ही जनपद के महत्वपूर्ण स्थल पर्यटकों को आकर्षित करने में भी सफल रह सके।

बैठक में डीएफओ गढ़वाल स्वन्पिल अनिरूद्व, एएसपी अनुप काला, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री सहित अन्य समिति के सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

9 अगस्त से शुरू होगी बीपीएड और एमपीएड की शारीरिक परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर तथा संबद्ध महाविद्यालयों में बीपीएएड/एमपीएड पाठ्यक्रम के प्रवेश के लिए चयनित छात्र-छात्राएं 3 अगस्त तक समर्थ पोर्टल में अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि बीपीएड/एमपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 1 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी।

प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल में 3 अगस्त तक पंजीकरण कर सकते है। गढ़वाल विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मुकुल पंत ने बताया कि एमपीएड में शरीरिक परीक्षा आगामी 9 और 10 एवं बीपीएड की 11, 12 और 13 अगस्त को गढ़वाल विवि के चौरास स्टेडियम में शारीरिक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

पुण्यतिथि पर अमर शहीद श्रीदेव सुमन को दी गई श्रद्धांजलि

पीएलवी जगमोहन डांगी ने छात्रों को दी कानून की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गुरूवार को राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग विकासखंड कल्जीखाल में श्रीदेव सुमन की 80वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर फलदार, छायादार, औषधि प्रजाति के पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार घुनियाल ने श्रीदेव सुमन के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका मूल नाम श्री दत्त बड़ोनी था। वह उत्तराखंड के एक महान बलिदानी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह लेखक, पत्रकार व टिहरी की ऐतिहासिक जनक्रांति के भी महानायक थे। टिहरी रियासत की चुनौतियों से लड़ते हुए उन्होंने 25 जुलाई 1944 को जेल में 84 दिनों की भूख हड़ताल के बाद अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। उन्होंने जिस प्रकार से जनक्रांति का नेतृत्व किया वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। अमर शहीद श्रीदेव सुमन का यह बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में परा विधिक स्वयं सेवक जगमोहन डांगी द्वारा राइंका पुरियाडांग में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जगमोहन डांगी ने आजादी का अमृत महोत्सव, हरेला पखवाड़ा के तहत वृक्ष रोपण, नाबालिक बच्चो के साथ यौन उत्पीडन, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी आदि अपराध की जानकारी दी। इस अवसर प्रधानाचार्य मनोज कुमार घुनियाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

हिमालय राज्य पर्यावरण दृष्टि से अति संवेदनशील : प्रो. नेगी

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालय मूवमेंट एवं पर्वतीय विकास शोध केंद्र की ओर से गुरूवार को श्रीदेव सुमन की शहादत दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर टिहरी जनक्रांति के नायक अमर शहीद श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार को आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हिमालय अत्यधिक प्रेरणा का स्त्रोत है और प्रकृति की देन हैं। इसके पेड़, नदी, ग्लेशियर, जंगल, जमीन बिकाऊ नहीं बल्कि टिकाऊ बनाये रखने में हमारी भूमिका होनी चाहिए। बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मोहन सिंह पंवार ने कहा कि हिमालय राज्य पर्यावरण दृष्टि से भी अति संवेदनशील है। कहा कि मानवीय विकास की छेड़छाड़ से ही अधिकांश भूस्खलन, भूधंसाव की समस्या पैदा होती है। इस संबंध में समय-समय पर वैज्ञानिकों, भूगर्भवेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वैच्छिक संगठनों ने कई अध्ययन करके महत्वपूर्ण दस्तावेज सरकार को दिए हैं। सेव हिमालय मूवमेंट के अध्यक्ष समीर रतूड़ी ने कहा कि हिमालय बदलते मौसम व जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करता है। वनों के अनुदान कटान, एकल प्रजाति के शंकुधारी वनों का विस्तार, चौड़ी पत्तियों के वनों की निरंतर कमी, सूखते जल स्त्रोत आदि कई घटनायें हैं जो मानवकृत हैं। इसको नियंत्रित करने के उपाय की तत्काल आवश्यकता है। इस मौके पर पर्वतीय विकास शोध केंद्र नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा, अवकाश प्राप्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष पीसी नौटियाल, शंभू प्रसाद भट्ट, जमुना प्रसाद काला, राजाराम जोशी, गणेशराम टम्टा, बरतराज बहुगुणा, थापाराम पुरी, अनुसूया प्रसाद पांडे, प्रेमलाल केवट, अंशीलाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

उफल्डा अंबेडकर बस्ती में रास्ता अवरूद्ध

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत उफल्डा में राष्ट्रीय राजमार्ग की दीवार गिरने से आंबेडकर बस्ती जाने वाले रास्ता अवरुद्ध होने के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संदर्भ में गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में वासुदेव कंडारी ने कहा कि उफल्डा में पिछले साल आंबेडकर बस्ती को जाने वाले रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग की दीवार गिरने से अवरुद्ध हो गया था। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कंडारी ने बताया कि एनएच विभाग श्रीनगर के सहायक अभियंता ने जल्द मार्ग को सुगम करने का आश्वासन दिया है।

बाढ़ से बचाव के लिए योजना तैयार करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कोटद्वार शहर में नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाव के लिए योजना तैयार करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा नदियों से सटा हुआ है। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान उफान पर बनी नदियों से क्षेत्रवासियों को नुकसान झेलना पड़ता है। कहा कि क्षेत्रवासियों को बाढ़ से सुरक्षा दिलवाने के लिए नदियों के किनारे सुरक्षा दीवार बनाई जानी चाहिए। मालन नदी पुल के ऊपर की ओर नंदपुर कोटला गांव की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार, फ्लड बैंक रोड, मरीन ड्राइव की तर्ज पर यातायात चलाया जाना चाहिए। सिम्मलचौड़, ध्रुवपुर के लोग लगातार सुरक्षा दीवार बनाने की मांग उठा रहे हैं। शहर में जल भराव को रोकने के लिए भी योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। हल्की वर्षा में ही पूरा शहर पानी-पानी हो जाता है। वर्षा थमने के बाद भी शहरवासियों का सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। कहा कि कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए भी ध्यान दिया जाना चाहिए। बदहाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर वर्षाकाल में सफर करना मुश्किल हो जाता है। वीरेंद्र सिंह रावत ने भाबर क्षेत्र में युवाओं के लिए इंडोर स्टेडियम बनवाने की भी मांग उठाई।

एसआरएचयू और सुकुबा यूनिवर्सिटी मिलकर करेंगे काम

ऋषिकेश। जापान के शीर्ष अनुसंधान विश्वविद्यालयों में शामिल सुकुबा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एसआरएचयू जौलीग्रांट का दौरा किया। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों में छात्र–छात्राओं के बेहतर करियर के लिए साथ मिलकर काम करने पर सहमति बनी। अनुसंधान, नवाचार और शिक्षक और छात्र विनिमय कार्यक्रम की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सुकुबा विश्वविद्यालय जापान के अंतरराष्ट्रीय रणनीति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. ओनेदा ओसामु के साथ प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय पहुंचा। यहां यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना से उन्होंने मुलाकात की। चिकित्सा शिक्षा और मरीजों की देखभाल में योग की भूमिका पर चर्चा की गई। डॉ. धस्माना ने बताया की विश्व में अधिकांश लोग साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं।

कांग्रेस की केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा ऋषिकेश से रवाना

ऋषिकेश। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा गुरुवार को ऋषिकेश के कबीर चौरा आश्रम से शिवपुरी के लिए रवाना हुई। यात्रा शुरू होने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश सरकार पर कई आरोप लगाए। कहा कि केदारनाथ धाम से शिला को नई दिल्ली में मंदिर के शिलान्यास के लिए ले जाने के मामले में भाजपा नेताओं को बाबा केदारनाथ से मांगनी चाहिए। कबीर चौरा आश्रम में रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को यात्रा ऋषिकेश से शिवपुरी के लिये निकली। कबीर चौरा आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम के नाम से नई दिल्ली में मंदिर के भूमि पूजन से लोगों की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा है। सत्ता में रहते हुए भाजपा ने प्रसिद्व धामों पर कुठाराघात करने का काम किया है। केदारनाथ धाम से सोना चोरी को लेकर बीकेटीसी भी विवादों में है। इस पर सवाल उठाने वाले शंकराचार्यों को भी अपमानित किया जा रहा है।

जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील के चक्कर काटने को मजबूर ग्रामीण

जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जन्म और मृत्यु प्रमाण बनवाने की जटिल प्रक्रिया के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष कमल रावत एवं सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने तहसील स्तर पर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग करते हुए कहा कि प्रमाण पत्र बनाने की जटिल प्रक्रिया के कारण ग्रामीण तहसील के चक्कर लगाने को मजबूर है। बार-बार तहसील के चक्कर लगाने से ग्रामीणों का समय के साथ-साथ धन भी बर्बाद हो रहा है। प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष कमल रावत, प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष जगपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी पौड़ी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बताया कि 21 दिन से पहले जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र तो ग्राम पंचायत स्तर पर ही बन जाते हैं, लेकिन किन्हीं कारण बिलंब होता है तो इसके बाद जन्म एवं मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट से शपथ पत्र देकर ग्राम पंचायत सचिव से जांच आख्या मांगी जा रही है। उसके बाद तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व उपनिरीक्षक से भी जांच आख्या मांगी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर तो डिजिटल इंडिया की बात करते है, वही दूसरी ओर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आज भी अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे है। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत अधिकारियों की होती है, लेकिन एक-एक ग्राम पंचायत अधिकारी के पास 10 से 15 ग्राम पंचायत का कार्यभार होता है। ऐसे में ग्राम पंचायत अधिकारी का आसानी से मिलना मुश्किल होता हैं। जिस कारण ग्रामीण तहसील के चक्कर काटने को मजबूर है।

अलकनंदा किनारे न जाने की अपील

चमोली : बदरीनाथ में अलकनन्दा नदी और सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। पुलिस ने तीर्थयात्रियों समेत सभी लोगों को अलकनंदा किनारे न जाने के लिए सतर्क किया है। बदरीनाथ के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने बदरीनाथ में अलकनंदा के तट समेत अलग–अलग स्थानों पर चेतावनी फ्लैक्स लगवाए हैं। इसके साथ ही लगातार माइक और वाहनों से अनाउंसमेंट कर लोगों सतर्क रहने की अपील की है। (एजेंसी)

ग्राम प्रधानों ने प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग

नई टिहरी : ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की प्रवेश तिथि बढ़ाने की -मांग की है। साथ ही छात्र–छात्राओं के लिए बस अड्डे व तहसील से वाहनों की व्यवस्था की मांग की है। ग्राम प्रधान संगठन जिला उपाध्यक्ष अरविंद जियाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष राधेश्याम कुकरेती की अगुवाई में प्रधानों ने गुरुवार को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि महाविद्यालय देवप्रयाग पैदल मार्ग पर गुलदार ने बीती 18 जुलाई को छात्र अनुराग चौहान को मार डाला। घटना के बाद भयभीत छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय में आना लगभग बंद है। इससे कालेज में प्रवेश प्रक्रिया व काउसिलिंग प्रभावित हुई है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से गुलदार के दहशत से बने हालातों को देखते हुए प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग की गयी है। ज्ञापन देने वालों में प्रधान गुमान सिंह, मनवीर सिंह, ज्योति देवी, राधेश्याम कुकरेती, नन्देश्वेरी देवी, डॉ. दमयंती देवी, नरेंद्र रावत, राकेश जेठूड़ी शामिल रहे। (एजेंसी)

टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन को पुण्यतिथि पर किया याद

ऋषिकेश। अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी एवं टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन को पुण्यतिथि पर याद किया गया। गुरुवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें नायक श्रीदेव सुमन को लोगों ने नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी के लिए श्रीदेव सुमन को प्रेरणास्त्रोत भी बताया।

बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीदेव सुमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि श्रीदेव सुमन लेखक, पत्रकार और जननायक ही नहीं, बल्कि टिहरी की ऐतिहासिक क्रांति के भी महानायक थे। उन्होंने महज 14 साल उम्र में नमक सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेकर साबित कर दिया था कि उनके अंदर देश प्रेम की भावना किस हद तक भरी हुई थी। इसके कारण उन्हें 14 दिन जेल रखा गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, दिनेश पयाल, रीना शर्मा, मनोज ध्यानी, देवदत्त शर्मा, राजू नरसिम्हा, एकांत गोयल, दीपक बिष्ट, रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश कैंपस में टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय सेवा योजना नमामि गंगे प्रकोष्ठ के एनसीसी रोवर रेंजर ने पौधारोपण किया।

डीएम ने मलिन बस्तियों का चिन्हिकरण और सर्वे करने के दिए निर्देश

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद चमोली के नगर क्षेत्रों में अवस्थित मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन, अतिक्रमण निषेध और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगर क्षेत्रों में मलिन बस्तियों का चिन्हीकरण और विस्तृत सर्वेक्षण करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार नगर निकाय क्षेत्रों में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण एवं पुनर्वास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में मलिन बस्तियों को श्रेणीवार चिन्हांकन करें। राजस्व रिकार्ड के आधार पर इसका सत्यापन किया जाए। मलिन बस्तियों का क्षेत्रफल, परिवार एवं सदस्यों की संख्या और वहां पर मौजूदा सुविधाओं का विस्तृत सर्वे करते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करें।

ताकि जनपद में अवस्थित मलिन बस्तियों में निवासरत परिवारों के जीवन स्तर में सुधार, मलिन बस्तियों के विनियमितीकरण, पुनरुद्धार और पुनर्वास हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके। बैठक में बताया गया कि जोशीमठ में दो, कर्णप्रयाग और गोपेश्वर में एक-एक मलिन बस्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। सर्वेक्षण का काम जारी है। वीसी में एसडीएम आरके पांडेय, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम एसके पांडेय, एसडीएम सीएस बशिष्ट, एसडीएम अबरार अहमद, ईओ पीएस नेगी सहित अन्य नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

रायवाला में दो हजार महिलाओं को होगा रोजगार उपलब्ध

ऋषिकेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के तहत दो हजार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा, जिससे महिलाएं खुद की आजीविका को चलाने में सक्षम हो सकेंगी। गुरुवार को प्रतीतनगर में आयोजित गायत्री सिलाई कलस्टर यूनिट के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने यूनिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज व राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। भारत में अनादिकाल से महिलाओं की शक्ति के रूप में पूजा की जाती रही है। महिला समाज की मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणास्त्रोत भी है। बोले, राज्य की भाजपा सरकार भी मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित है। मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार की महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का जिक्र भी किया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवानी भट्ट, विनोद भट्ट, जिपं सदस्य दिव्या बेलवाल, सोनी रावत, गायत्री कलस्टर अध्यक्ष रेखा रयाल, बीडीओ उर्मिला बिष्ट, सुरेंद्र रयाल, कुसुम सेमवाल, लक्ष्मी गुरुंग, सविता राणा आदि मौजूद रहे।

छात्रों को नई शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी

नई टिहरी : फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर लंबगांव में दीक्षारंभ कार्यक्रम में छात्रों को नई शिक्षा नीति 2020, समर्थ पोर्टल व एबीसी अकाउंट की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. विपिन कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसके पाण्डे ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा से जुड़ी जानकारी दी। डॉ. भरत सिंह चुफाल, डॉ. विजय राणा, अजीत राणा, अनुकृति बडोला ने छात्र-छात्राओं को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के उद्देश्यों व महाविद्यालय की विभिन्न समितियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. तरुण मोहन, डॉ. मयंक, धनेश उनियाल, बलबीर सिंह, डॉ. भरत सिंह, डॉ. शुभम उनियाल, प्रियंका डिमरी, अनुजा रावत मौजूद रहे। (एजेंसी)

श्रीदेव सुमन का बलिदान दिवस पर किया स्मरण

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन विवि बादशाहीथौल में कुलपति प्रो. एनके जोशी ने अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन का उनके बलिदान दिवस पर भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राजशाही के खिलाफ लड़ी गई श्रीदेव सुमन की लड़ाई व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सामाजिक उत्थान के साथ ही जन मानस की परेशानियों को दूर करने के लिए राजशाही के विरूद्ध सत्याग्रह किया। विवि उनके पैतृक गांव को गोद लेकर कई काम कर रहा है। इस मौके पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, निदेश-ाक प्रो. एमएस रावत, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सीएस नेगी, उप कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार जोशी, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएल आर्य, सहायक कुलसचिव प्रमोद बेंजवाल, निजी सचिव कुलपति वरुण डोभाल, कुलदीप सिंह मौजूद थे। वहीं, महाविद्यालय नरेंद्रनगर में प्राचार्य डॉ. राजेश उभान के नेतृत्व में श्रीदेव सुमन का बलिदान दिवस मनाया गया। गोष्ठी आयोजित कर श्रीदेव सुमन के जीवन से छात्रों को परिचित कराया। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. संजय महर, डॉ. यूसी मैठाणी, डॉ. राजपाल रावत, डॉ. बीपी पोखरियाल मौजूद थे।

भू-धंसाव से आवासीय भवनों को खतरा

रुद्रप्रयाग : ऊखीमठ ब्लॉक के ग्राम पंचायत मक्कू के राजस्व ग्राम ग्वाड़ और दिलणा के बीच लंबे समय से हो रहे भूधंसाव से ग्रामीणों के आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने जल्द मामले में कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान विजयपाल सिंह नेगी ने बताया कि मक्कू ग्राम पंचायत क्षेत्र के राजस्व ग्राम ग्वाड़ व दिलणा के बीचों बीच एक बड़े क्षेत्र में बीते तीन-चार वर्षों से भूधंसाव हो रहा है।

उक्त भू-धंसाव वाले क्षेत्र में स्थित आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों की कई नाली कृषि भूमि भूधंसाव की भेंट चढ़ गई है। साथ ही ताला-बरंगाली-मक्कू मोटर मार्ग सहित गांव के अन्य पैदल मार्ग भी इसकी जद में आ गए हैं। तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ की शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ का मुख्य पैदल मार्ग भी जर्जर स्थित में है। वर्तमान समय में जिला पंचायत के अधीन इस मार्ग को दुरुस्त करने के लिए बीडीसी बैठक और तहसील दिवसों के माध्यम से पिछले पांच वर्षों से रखा गया है। लेकिन इस ओर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र भूधंसाव का उपचार (का उपचार करवाने व जिला पंचायत को दो किमी लंबे पैदल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की। (एजेंसी)

आशा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

चमोली : हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोलेजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा भी सम्मान भी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चमोली जिले के नंदानगर ब्लॉक के सुदूरवर्ती गांवों में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन से जुड़े समाजसेवी लक्ष्मण सिंह राणा